भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1697
उत्तर देने की तारीख 29 जुलाई, 2026

भारत में बढ़ते हुए ऑप्टिकल फाइबर कनेक्शन

1697. **श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी:**
श्री पुट्टा महेश कुमार:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत से राज्य-वार विशेष रूप से आंध्र प्रदेश से वर्तमान में प्रस्तावित, प्रक्रियाधीन और कार्यात्मक ऑप्टिकल फाइबर कनेक्शनों की कुल लंबाई कितनी है;

(ख) क्या सरकार ने देश में समुद्र के नीचे ऑप्टिकल फाइबर कनेक्शनों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इससे संबंधित योजनाओं/पहलों की सूची क्या है;

(ग) देश में राज्य-वार विशेष रूप से आंध्र प्रदेश में ऑप्टिकल फाइबर कनेक्शनों (विशेष रूप से समुद्र के नीचे) का उत्पादन बढ़ाने के लिए आवंटित, जारी और उपयोग की गई कुल धनराशि कितनी है;

(घ) क्या सरकार ने देश भर में ऑप्टिकल फाइबर केबलों के रखरखाव और उन्हें बिछाने का कार्य करने के लिए विशिष्ट श्रमशक्ति हेतु कोई प्रशिक्षण/कौशल विकास पहल की है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

संचार और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(डॉ. पेम्मासानी चंद्रशेखर)

(क) भारत से कनेक्टिविटी प्रदान करने वाले अंतरराष्ट्रीय पनडुब्बी केबलो का स्वामित्व और संचालन तकनीकी-व्यावसायिक अपेक्षाओं के आधार पर दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा किया जाता है। भारत में ऑपरेशनल अंतरराष्ट्रीय पनडुब्बी केबल लैंडिंग की कुल लंबाई 1,67,068 किलोमीटर है। भारत में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय पनडुब्बी केबल लैंडिंग की कुल लंबाई 1,18,399 किलोमीटर है। विवरण अनुबंध के रूप में संलग्न है।

(ख) जी नहीं।

(ग) मद संख्या (ख) को ध्यान में रखते हुए नहीं।

(घ) जी नहीं।

(ड.) पनडुब्बी केबल सिस्टमों को बिछाना और उनका रखरखाव करना एक विशिष्ट क्षेत्र है और इससे संबंधित कौशल विकास और प्रशिक्षण दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा समुद्री सेवा प्रदाताओं (एमएसपी) के सहयोग से उनकी तकनीकी-व्यावसायिक अपेक्षाओं के आधार पर किया जाता है।

****

अनुबंध

भारत में लैंड किए गए पनडुब्बी केबल सिस्टमों की लंबाई (ऑपरेशनल)

क्रम संख्या	पनडुब्बी केबल सिस्टम का नाम	केबल लैंडिंग स्टेशन का स्थान	पनडुब्बी केबल सिस्टम की लंबाई (किलोमीटर में))
1	एफएलएजी यूरोप एशिया (एफईए: फाइबर-ऑपटिक लिंक एराउंड द ग्लोब)	महाराष्ट्र	28000
2	एसईए एमई डब्ल्यूई 4 (साउथ-ईस्ट एशिया मिडल इस्ट -वेस्टर्न यूरोप 4)	महाराष्ट्र, तमिल नाडु	19016
3	फाल्कन (फ्लैग अल्काटेल-ल्यूसेंट ऑप्टिकल नेटवर्क-1)	महाराष्ट्र	1743
4	एसईए केबल + टीजीएन ईए (सीकोम)	महाराष्ट्र	9600
5	आईएमईडब्ल्यूई (इंडिया-मिडल ईस्ट, वेस्टर्न यूरोप)	महाराष्ट्र	12091
6	ईआईजी(यूरोप इंडिया गेटवे)	महाराष्ट्र	15000
7	जीबीआईसीएस (गल्फ़ ब्रिज इंटरनेशनल केबल सिस्टम)	महाराष्ट्र	2830
8	एमईएनए (मिडल ईस्ट नार्थ एफ्रीका)	महाराष्ट्र	6157
9	टीजीएन गल्फ़ (टाटा ग्लोबल नेटवर्क-गल्फ़)	महाराष्ट्र	4031
10	बीबीजी (बे ऑफ़ बेंगोल गेटवे)	महाराष्ट्र, तमिल नाडु	8081
11	एएई-1 (एशिया अफ्रीका यूरोप-1)	महाराष्ट्र	25000
12	नेटवर्क आई 2 आई	तमिल नाडु	3264
13	एसएएफई (साउथ अफ्रीका फार ईस्ट)	केरल	13500
14	टीआईआईएससी (टाटा इंडिकॉम इंडिया-सिंगापुर केबल सिस्टम)	तमिल नाडु	3175

15	भारत-लंका केबल सिस्टम (बीएलसीएस)	तमिल नाडु	323
16	फाल्कन (फ्लैग अल्काटेल-ल्यूसेंट ऑप्टिकल नेटवर्क -2)	केरल	1140
17	आईएएक्स (इंडिया एशिया एक्सप्रेस)	महाराष्ट्र, तमिल नाडु	6917
18	म्यांमार/मलेशिया इंडिया सिंगापुर ट्रांज़िट (एमआईएसटी)	महाराष्ट्र, तमिल नाडु	7200
कुल			167068

भारत में लैंड किए गए पनडुब्बी केबल सिस्टमों की लंबाई (प्रस्तावित)

क्रम संख्या	पनडुब्बी केबल सिस्टम का नाम	केबल लैंडिंग स्टेशन का स्थान	पनडुब्बी केबल सिस्टम की लंबाई (किलोमीटर में))
1	आईओसी (इंडियन ओशेन केबल)	महाराष्ट्र	4000
2	आईईएक्स (इंडिया यूरोप एक्सप्रेस) केबल सिस्टम	महाराष्ट्र	9692
3	2अफ्रीका केबल सिस्टम	महाराष्ट्र	45000
4	एसईए-एमई- डब्ल्यूई-6 (साउथ ईस्ट एशिया-मिडिल ईस्ट-वेस्टर्न यूरोप-6) केबल सिस्टम	महाराष्ट्र, तमिल नाडु	21773
5	रमन केबल सिस्टम	महाराष्ट्र	6770
6	वाबन केबल सिस्टम	महाराष्ट्र	13943
7	बे ऑफ़ बंगाल केबल सिस्टम	आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु	2900
8	व्यासा केबल सिस्टम	तमिल नाडु	8463
9	आई-2एसईए (इंडिया टू साउथ-इस्ट एशिया) केबल सिस्टम	आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु	3630
10	आईएएक्स (इंडिया एशिया एक्सप्रेस) (अतिरिक्त/नया सेगमेंट)	पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश	2228
कुल			118399